जू में बायोडायवर्सिटी थीम पर स्कूली बच्चों ने बनायी पेंटिंग

लाइफ रिपोर्टर@पटना

बिहार स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड की ओर से पटना जू में स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग कांपीटिशन का आयोजन किया गया. हर साल 22 मई को इंटरनेशनल डे फॉर बायोलॉजिकल डायवर्सिटी मनाया जाता है. इसी के उपलक्ष्य में सोमवार को यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों से 1000 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया. इस अवसर पर बिहार स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड के चेयरमैन भारती ज्योति आइएफएस (सेवानिवृत्त), सेक्रेटरी डॉ के गणेश कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी, जू के निदेशक सत्यजीत कुमार मौजूद मौजूद रहे. पेंटिंग का थीम बायोडायवर्सिटी पर था, जिसमें स्कूली बच्चों को तीन कैटेगरी ए, बी और सी में बांटा गया था. कैटेगरी ए में कक्षा 1-4, बी में 5-8 और सी में 9-10वीं कक्षा के छात्र-छात्राएं शामिल थे. सभी विजेताओं को जू में 22 मई को सम्मानित किया जायेगा.